पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून, शुक्रवार, 23 जुलाई 2021





विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या सुनते आप नेता रविंद्र सिंह आनंद।

# पर्यटन क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को मदद मिलेगी: मुख्यमंत्री

**भेंट**

■ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चन्द अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की

■ विभिन्न संगठनो के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री से भेंटकर आभार व्यक्त किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चन्द अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने राज्य में कोविड–19 से प्रभावित पर्यटन और चार धाम यात्रा से संबंधित गतिविधियों से जुड़े लोगों के लिए 200 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिवहन व्यवसाय से जुड़े विभिन्न संगठनो के प्रतिनिधियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष के साथ मुख्यमंत्री से भेंटकर उनका आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में कोविड–19 के कारण विभिन्न पर्यटक गतिविधियों एवं चारधाम यात्रा की व्यवस्था में कार्यरत व्यक्तियों एवं उनके व्यवसाय पर सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके लिए लगभग 200 करोड़ की व्यवस्था की गई हैं। इससे लगभग 01 लाख 64 हजार लाभार्थी/परिवार लाभान्वित होंगे। इस पैकेज से पर्यटन क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को मदद मिलेगी एवं राज्य की आर्थिकी में भी तेजी आयेगी।



विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 200 करोड़ के राहत पैकेज से निश्चित रूप से राज्य में पर्यटन, होटल, परिवहन, पोर्टर समेत पर्यटन की अन्य गतिविधियों से जुड़े व्यवसायियों के साथ ही सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि तीर्थाटन एवं पर्यटन उत्तराखंड राज्य की आर्थिक रीढ़ है, इस राहत सहायता से राज्य के लगभग लाखों लोगों को उनके बैंक खाते के माध्यम से सीधे राहत मिल सकेगी। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य के गठन के उपरांत दिये जाने वाला अब तक का किसी भी सरकार द्वारा सर्वाधिक राहत पैकेज है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से विभिन्न विषयों पर वार्ता करते हुए विशेषतौर पर उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को सुचारू रूप से प्रारंभ किए जाने की अनुमति के लिए गंभीरता से विचार किये जाने की बात कही।

इस अवसर पर यातायात और पर्यटन विकास सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष मनोज ध्यानी, रूपकुंड पर्यटन कंपनी के अध्यक्ष भोपाल सिंह नेगी, टीजीएमओसी के उपाध्यक्ष यशपाल राणा, यातायात संघ के संचालक मनोहर सिंह रौतेला, जीएमओ के पर्यटन अधिकारी अनिल वरगली, मोटर मजदूर संघ के सदस्य जगदीश नौटियाल, ऋषिकेश टूर ट्रेवल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश बहुगुणा, यातायात संघ के संचालक योगेश उनियाल, अरुण बडोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

*इस पैकेज से पर्यटन क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को मदद मिलेगी एवं राज्य की आर्थिकी में भी तेजी आयेगी।*

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री।

*तीर्थाटन एवं पर्यटन उत्तराखंड राज्य की आर्थिक रीढ़ है, इस राहत सहायता से राज्य के लगभग लाखों लोगों को उनके बैंक खाते के माध्यम से सीधे राहत मिल सकेगी।*

प्रेम चन्द अग्रवाल,
विधानसभा अध्यक्ष।

# सैन्यधाम को आवंटित भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया शीघ्र करें

**निर्देश**

■ अग्रिम कर्यावाही करने और प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री उत्तराखण्ड गणेश जोशी की अध्यक्षता में सैन्यधाम निर्माण के सम्बन्ध में उनके कैन्ट रोड स्थित कैम्प कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मंत्री ने सैन्यधाम निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सैन्यधाम हेतु आवंटित भूमि का म्यूटेशन और हस्तांतरण की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को एकबार पुनः स्थल का मौका



मुआयना करते हुए इस सम्बन्ध में अग्रिम कर्यावाही करने और प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। सम्बन्धित अधिकारियों ने भूमि के सर्वे और सीमांकन का विवरण प्रस्तुत करते हुए मंत्री को सैन्यधाम की कार्य प्रगति से अवगत कराया गया। मंत्री ने इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी देहरादून को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए सैन्यधाम के निर्माण की प्रगति तेजी से बढाने हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान मंत्री ने कहा कि सैन्यधाम प्रधानमंत्री और स्वयं उनका एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और धाम एक तरह से मन्दिर होता है और मन्दिर सैन्यधाम में वीर शहीदों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि सैन्यधाम में फौज के विभाग, टैंक, तोपें, शहीदों के चित्र, उनकी वीर गाथाएं अंकित करवाई जायेगी। यहां बाबा हरभजन सिंह और बाबा जसंवत सिंह के मन्दिर भी बनाये जाएंगे, जिससे हमारी आने वाली पीढियां प्रेरणा लेंगी और उनके भीतर भी देशसेवा करने का जज्बा पैदा होगा। मंत्री ने कहा कि सैनिक परिवारों और शहीदों के सम्मान में हम 01 सितम्बर को सैन्य सम्मान यात्रा भी निकालने जा रहे हैं जिसमें शहीदों के परिवार वालों को सम्मान पत्र दिया जायेगा तथा उनके आंगन की पवित्र मिट्टी को सैन्यधाम निर्माण में उपयोग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 के अप्रैल–मई तक सैन्यधाम पूरा करने का लक्ष्य रख गया है।

इस दौरान बैठक में विशेष सचिव मुख्यमंत्री डॉ पराग मधुकर धकाते, जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्र पंचायत रायपुर की बैठक 26 व 27 जुलाई को

**संवाददाता** देहरादून। खण्ड विकास अधिकारी रायपुर धीरज सिंह रावत ने अवगत कराया है कि 26 जुलाई एवं 27 जुलाई को प्रातः 11 बजे से क्षेत्र पंचायत रायपुर की बैठक विकासखण्ड रायपुर के सभागार में आयोजित की गयी है। उपरोक्त बैठक में पंचायतीराज अधिनियम के अन्तर्गत नियोजन यथावयक क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण की व्यवस्था त्रिस्तरीय पंचायतों को की जानी है। इसी परिपेक्ष्य जनपद की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा ग्राम पंचायत का मॉडल प्लान वर्ष 2022–23 सीपीपीजीजी नियोजन विभाग के मार्गदर्शन में तैयार किया जाना है।

### जिला पंचायत नियोजन समिति की बैठक 23 व 24 जुलाई को

**संवाददाता** देहरादून। जिला पंचायतीराज अधिकारी देहरादून ने अवगत कराया है कि 23 व 24 जुलाई को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत नियोजन समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। उपरोक्त बैठक में पंचायतीराज अधिनियम के अन्तर्गत नियोजन यथावयक क्रियान्वयनतथा अनुश्रवण की व्यवस्था त्रिस्तरीय पंचायतों को की जानी है इसी परिपेक्ष्य जनपद की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा ग्राम पंचायत का मॉडल प्लान वर्ष 2022–23 सेन्टर फॉर पब्लिक पालिसी एण्ड गुड गवर्नेंस (सीपीपीजीजी) नियोजन विभाग के मार्गदर्शन में तैयार किया जाना है।

### टीएचडीसीआईएल में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**संवाददाता** ऋषिकेश। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय में समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीएचडीसी के सामुदायिक भवन में आयोजित हुआ। इस शिविर का उद्घाटन वीर सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा किया गया।

### कांग्रेस नेता सुरेन्द्र सिंह लिंगवाल के निधन पर शोक प्रकट किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी चमोली के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह लिंगवाल के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने अपने शोक संदेश में स्व सुरेन्द्र सिंह लिंगवाल के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### जनता को कांग्रेस के फैलाये दुष्प्रचार पर भरोसा नहीं: कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि कांग्रेस अक्सर भाजपा और देश को बदनाम करने के लिए फर्जी मुद्दे लाती रही है और अफवाह फैलाकर अपनी राजनैतिक जमीन तलाश रही है, लेकिन उसकी नकरात्मकता के चलते अब वह लोगों का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने गिरेवान में झांकने की जरुरत है,क्योंकि पूर्व में यूपीए सरकार के कार्यकाल में जासूसी के कई मामले सामने आये। जबकि इस बार कहीं से भी ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया जिसका संबंध केंद्र सरकार से हो। हालाँकि कांग्रेस अन्य राजनैतिक दलों के साथ ऐसा कुचक्र बुनने में जुटी है,लेकिन उसे कोई लाभ नहीं होगा। कौशिक ने कहा कि कांग्रेस द्वारा पेगासस को राजनैतिक स्वार्थ सिद्धि का हथियार बनाया जा रहा है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।